卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 2 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦8 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कफ सिरप काण्ड: तीन और मासूमों की गई जान

### अब तक बीस की मौत, जांच तेज, कंपनी मालिक की गिरफ्तारी तय

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, पांढुर्ना और बैतूल जिलों में कफ सिरप से मासूम बच्चों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 24 घंटों में तीन और बच्चों ने दम तोड़ दिया, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 20 हो गई है। अब भी नागपुर के विभिन्न अस्पतालों में पांच बच्चे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने जानकारी दी कि इस त्रासदी में शामिल सिरप ष्कोल्ड्रिफष को बनाने वाली कंपनी के मालिक की गिरफ्तारी के आदेश दिए जा चुके हैं। छिंदवाड़ा पुलिस की दो टीमें चेन्नई और कांचीपुरम रवाना हो चुकी हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि इस मामले में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। शुक्ल ने यह भी बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और भारत सरकार की एडवाइजरी के अनुसार, चार साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न देने की सख्त हिदायत दी गई है। नागपुर में भर्ती बच्चों से मिलने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हरसंभव मदद कर रही है। मेडिकल रिपोर्ट्स के अनुसार, सिरप में जहरीले रासायनिक तत्व पाए गए हैं, जो बच्चों की किडनी को प्रभावित



कर रहे थे। छिंदवाड़ा के डॉ. प्रवीण सोनी सहित कुछ निजी चिकित्सकों द्वारा यह सिरप बच्चों को दी गई थी। सिरप लेने के कुछ ही घंटों बाद बच्चों की तबीयत बिगड़नी शुरू हुई और कई मामलों में किडनी फेल हो गई। कई मौतों की वजह यही बताई जा रही है। जैसे-जैसे हालात बिगड़े, जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज की। पांच मेडिकल स्टोर सील किए गए हैं, और संदिग्ध सिरप के सैंपल लैब भेजे गए हैं। गांव-गांव मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे बच्चों को कोई भी कफ सिरप न दें। छिंदवाड़ा जिले के तामिया, जुन्नारदेव और रीधोरा गांवों में पिछले 24 घंटे में तीन और मासूमों ख्र धानी डेहरिया (डेढ़ वर्ष), ज्यांशु यदुवंशी (2 वर्ष) और वेदांश पवार (ढाई वर्ष) की मौत ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। गांवों में मातम पसरा है, घर-घर में गम का माहौल है। इस मामले में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों के लिए 1-1 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की है और सरकार पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। वहीं भाजपा का कहना है कि मामले की जांच पूरी पारदर्शिता से की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने इस गंभीर स्वास्थ्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री गेट पर कैन्टर ने श्रमिक को कुचला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल के सेक्टर 12 में ड्यूटी के लिए जा रहे एक श्रमिक को फैक्ट्री गेट के बाहर ही केन्टर पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर श्रमिक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी 36 वर्षीय नन्दन पाठक पुत्र शिवदत्त ग्राम छतरपुर में किरायेदार के





चालक ने टक्कर मार कर कुचल दिया जिससे श्रमिक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और उसके परिजनों को मामले की जानकारी दी। रूप में रहकर सिडकुल सेक्टर 12 में जेबीएम की नील मैटल प्रोडक्ट्स लि, कम्पनी में काम(शेष पृष्ठ सात पर)

## खालिद और साबिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

देहरादून। पेपर लीक प्रकरण में मुख्य आरोपी खालिद मलिक और उसकी बहन साबिया की न्यायिक हिरासत अदालत ने 14 दिन के लिए और बढ़ा दी। दोनों को जिला अदालत में पेश किया गया, जहां एसआईटी की ओर से बताया गया कि मामले की जांच अब भी जारी है और अभी कई साक्ष्य एकत्र किए जाने बाकी हैं। इसी आधार पर न्यायालय से उनकी हिरासत बढ़ाने का



अनुरोध किया गया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। एसआईटी ने बीते दिनों सर्च वारंट के तहत खालिद के हरिद्वार स्थित घर की तलाशी ली थी, लेकिन वहां प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कोई अध्ययन सामग्री, पुस्तकें या नोट्स नहीं मिले। इससे यह संकेत मिला कि वह पढ़ाई से दूर रहकर किसी और रास्ते से सफलता पाने की फिराक में था। हैरानी की बात यह रही कि खालिद ने वर्ष 2024 से 2025 के बीच नौ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन किया था, जिनमें से पांच में वह शामिल ही नहीं हुआ। जिन परीक्षाओं में बैठा, उनमें भी उसके अंक बेहद कम आए। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि खालिद काफी समय से नकल या सांठगांठ के जरिये सफलता पाने की साजिश रच रहा था। एसआईटी अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसने किन-किन परीक्षाओं में नकल की कोशिश की और इस दौरान कौन-कौन लोग उसकी मदद में शामिल (शेष पृष्ठ सात पर)

## भगवान वाल्मीकि समाज के लिए आदर्श: भट्ट

रूद्रपुर। आदिकाव्य रामायण के रचयिता, महान ऋषि और समाज सुधारक महर्षि वाल्मीकि की जयंती मंगलवार को नगर निगम परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट, महापौर विकास शर्मा, नगर निगम के अधिकारीगण, पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।इस दौरान महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि



अर्पित करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इससे पूर्व नगर निगम में पहुंचने पर महापौर विकास शर्मा की अगुवाई में सांसद अजय भट्ट का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता थे, बल्कि वह एक युगद्रष्टा थे जिन्होंने समाज को धर्म, कर्तव्य, प्रेम और सत्य का मार्ग दिखाया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति अपनी इच्छाशक्ति और साधना से कितना महान बन सकता है। आज के युग में उनके आदर्श पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। सांसद भट्ट ने आगे कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू पर प्रकाश डालने वाला ऐसा महाकाव्य है, जिससे हर व्यक्ति प्रेरणा प्राप्त कर सकता (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोलीकाण्ड के फरार आरोपी के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह डिग्री कॉलेज में छात्र संघ चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुए गोलीकांड मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बहेड़ी निवासी एक फरार आरोपी के घर पर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों नामांकन के दौरान कॉलेज परिसर में दो छात्र गुटों के बीच तीखा संघर्ष हुआ था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी हुई थी, जिससे कॉलेज और आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। मामले में पुलिस अब तक कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि शेष की तलाश जारी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयासों के तहत बाजार चौकी इंचार्ज होशियार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बहेड़ी के गरीबपुरा क्षेत्र में दबिश दी। यहां आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र मलकीत सिंह के घर पहुंचकर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया। यह नोटिस आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए अंतिम चेतावनी के रूप में दिया

## डेमोग्राफी चेंज पर अब 'डिजिटल प्रहार' करेगी धामी सरकार

### सीएम धामी ने गृह मंत्रालय को दिए डिजिटल ऐप तैयार करने के निर्देश, ऐप में सुरक्षित रखा जाएगा राज्य में रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन संबंधी डाटा,सत्यापन प्रक्रिया को आसान एवं तेज बनाएगा तैयार होने वाला ऐप

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड में लगातार हो रहे डेमोग्राफिक चेंज पर राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार जल्द ही डिजिटल स्ट्राइक करने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गृह विभाग को एक डिजिटल ऐप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस ऐप में उत्तराखंड में रहकर काम करने वाले बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन संबंधी रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जाएगा। अभी तक राज्य में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन संबंधी डाटा को पुलिस स्टेशन अथवा चौकी पुलिस चौकी के सत्यापन रजिस्टर में ही दर्ज करके रखा जाता है। माना जा रहा है कि उक्त डिजिटल ऐप तैयार हो जाने के बाद किसी भी बाहरी व्यक्ति के सत्यापन संबंधी समूची की जानकारी को केवल एक क्लिक में ही प्राप्त किया जा सकेगा। ज्ञात हो की उत्तराखंड में डेमोग्राफी चेंज की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है। जिसको देखते हुए राज्य सरकार ने अब प्रदेश में रह रहे बाहरी राज्यों के लोगों का सत्यापन वृहद स्तर पर करने का फैसला किया है। हालांकि प्रदेश में समय-समय पर डेमोग्राफिक चेंज का मामला उठने पर बड़े स्तर पर सत्यापन अभियान पहले भी चलाए जाते रहे हैं ,लेकिन अब



उत्तराखंड सरकार सत्यापन प्रक्रिया को बेहतर और प्रभावी ढंग से किए जाने को लेकर डिजिटल तकनीक का सहारा लेने जा रही है। इस क्रम में सीएम धामी ने गृह सचिव शैलेश बगोली को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में आकर काम करने वाले बाहरी लोगों के सत्यापन की प्रकिया को कड़ा किया जाए और आसानी से सत्यापन के लिए ऐप तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस की सत्यापन प्रकिया को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता भी बताई है क्योंकि बाहरी राज्यों से उत्तराखंड में आए लोग यहां सत्यापन प्रकिया में कोताही बरतते रहे हैं। साथ ही फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड समेत कई डॉक्यूमेंट तैयार कर ले रहे हैं, जिसका सीधा असर उत्तराखंड की डेमोग्राफी पर असर पड़ रहा है के अनुसार राज्य सरकार, देवभूमि की संस्कृति को संजोए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बाहरी शहरों से आए लोग किस प्रवृति के हैं? ये जानने के लिए सत्यापन अनिवार्य कराया गया है। सत्यापन प्रकिया में लंबा वक्त न लगे, इसके लिए आधुनिक तकनीकी का सहारा लेना अब आवश्यक हो गया है। दरअसल, मैदानी जिलों में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुचारु करने में पुलिस की अधिक व्यस्तता रहती है। जिसके चलते सत्यापन का काम आमतौर पर सिर्फ अभियानों तक ही सीमित रह जाता है। जब भी सत्यापन अभियान शुरू होता है, उस दौरान तमाम लोग पकड़े जाते हैं। लेकिन समय के साथ अभियान की गति सुस्त हो जाती है। यही नहीं, कुछ समय पहले देहरादून और हरिद्वार में चलाए गए सत्यापन अभियान के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी का मामला भी सामने (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज

## ऋषिकेश व भगवानपुर में पकड़े गये नकली उत्पाद

देहरादून (उद संवाददाता)।त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग यानि एफडीए का सघन अभियान जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्योहारी मौसम में उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। इस अवसर पर उन्होंने अधि कारियों को निर्देश दिए कि बाजार में बिक रहे मावा, पनीर, घी, दूध और मिठाइयों की गुणवत्ता पर सख्त निगरानी रखी जाए ताकि मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, डॉ. आर. राजेश कुमार ने त्योहारी सीजन में अपर आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) ताजबर सिंह जग्गी को निर्देशित किया है कि सभी जनपदों में निरंतर निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया जाए। राज्य के सीमावर्ती जिलों में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है ताकि बाहरी राज्यों से नकली और बिना मानक खाद्य सामग्री की आपूर्ति पर रोक लगाई जा सके। विभागीय टीमें मोबाइल वैन के माध्यम से तेजी से सैंपलिंग कार्य कर रही हैं। डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि प्रयोगशालाओं को निर्देश दिए गए हैं कि सैंपलों की जांच शीघ्रता से की जाए, जिससे दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तुरंत सुनिश्चित हो सके। आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब्स लगातार बाजारों में जाकर मावा, खोया, पनीर, मिठाई और तेल जैसे उत्पादों की मौके पर जांच कर रही हैं। विभागीय टीमें प्रदेश के हर जिले, कस्बे और प्रमुख बाजारों में सैंपलिंग कर रही हैं ताकि हर उपभोक्ता तक सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ पहुंच सकें। सरकार का स्पष्ट संदेश है "मिलावटखोरी के खिलाफ कोई रियायत नहीं, उपभोक्ता की सेहत सर्वोपरि।" अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी स्वयं विभिन्न जिलों में चल रहे छापेमारी अभियानों का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों के साथ चारधाम यात्रा मार्गों व पर्यटन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इन क्षेत्रों में अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं, जो मावा, पनीर, घी और मिठाइयों के सैंपल एकत्र कर प्रयोगशालाओं में जांच हेतु भेज रही हैं। जांच में दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध तत्काल सीलिंग, लाइसेंस निरस्तीकरण और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने आज सुबह लगभग 5 बजे भगवानपुर के बालेकी युसुफपुर गांव में एक वाहन को रोककर जांच की। वाहन में बिना



गुणवत्ता प्रमाणीकरण और स्वास्थ्य मानकों के पनीर सप्लाई की जा रही थी। जांच में यह भी पाया गया कि उत्पादों पर किसी प्रकार का एफएसएसएआई मानक अंकन या लेबलिंग नहीं थी, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। टीम ने मौके पर ही उत्पादों को जब्त कर वाहन चालक और सप्लायर के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत मामला दर्ज किया। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि भगवानपुर क्षेत्र में नकली डेयरी उत्पादों की आपूर्ति करने वाले गिरोहों पर विभाग की विशेष नजर है। आने वाले दिनों में लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में ऋषिकेश में भी खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। एक वाहन को रोककर जांच की गई, जिसमें 5 क्विंटल क्रीम, 35 किलोग्राम घी और 50 किलोग्राम स्किम्ड मिल्क पाउडर सप्लाई करते हुए पाया गया। इन सभी उत्पादों के पास गुणवत्ता प्रमाण पत्र या अनुमोदन दस्तावेज नहीं थे। टीम ने मौके पर उत्पाद जब्त किए और नमूने जांच हेतु भेज दिए हैं। प्रारंभिक जांच में संभावना है कि ये उत्पाद अन्य राज्यों से अवैध रूप से लाए गए नकली उत्पाद हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता जनस्वास्थ्य और उपभोक्ता सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मिलावटखोरी के लिए कोई स्थान नहीं है। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर समझौता करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जनता से भी अपील की है कि वे गुणवत्ता वाले उत्पादों का उपयोग करें, असत्यापित उत्पाद खरीदने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी विभाग को दें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित भोजन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य बल्कि समाज के समग्र विकास की नींव है। सरकार इस दिशा में पूरी गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरी रोकने के लिए विभाग को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे "त्योहारी सीजन में चौकन्ने रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" अपर आयुक्त ने बताया कि खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग राज्यभर में जन जागरूकता अभियान भी चला रहा है, जिसमें स्कूली बच्चों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पहचानने के तरीके बताए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत विभाग द्वारा सुरक्षित भोजन–स्वस्थ जीवन थीम पर पोस्टर, सोशल मीडिया कैंपेन और स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अपर आयुक्त एफडीए ताजबर सिंह जग्गी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थ खरीदते समय पैकेजिंग, लेबलिंग और निर्माण तिथि की जांच अवश्य करें। उन्होंने कहा है कि हमारे उपभोक्ता हमारे लिए सर्वोपरि हैं। किसी भी मिलावटखोर को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग ने यह भी कहा कि उपभोक्ता किसी संदिग्ध खाद्य उत्पाद या विक्रेता की सूचना खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की हेल्पलाइन या स्थानीय कार्यालय में तुरंत दें।

# रम्पुरा में ठुकराल व भाजपा कार्यकर्ता में तनातनी

## दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने की जांच शुरू

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा में 5 अक्टूबर की रात्रि धार्मिक आयोजन स्थल के बाहर पूर्व विधायक राजकुमार व भाजपा कार्यकर्ताओं के मध्य हुए विवाद में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे के विरूद्ध पुलिस को तहरीर दे दी गई है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पर मारपीट करने और जाने का आरोप लगाया है तो वहीं राजकुमार ठुकराल ने सभी आरोपों को एक साजिश करार देते हुए अपनी और अपने भाई की जान को खतरा बताते हुए हत्या कर देने की आशंका जताई है। पूर्व विधायक ठुकराल ने रम्पुरा चौकी में दी तहरीर में कहा है कि उनके खिलाफ साजिश की जा रही है। उन्होंने बताया 5 अक्टूबर की रात्रि वह अपने भाई और कुछ समर्थकों के साथ मौहल्ला रम्पुरा में आयोजित जागरण में गये थे। जहां यहीं के निवासी दो युवकों ने उनकी कार में बार बार हाथ मारा। जब उनके कार चालक व समर्थक ने इसका विरोध किया तो युवक गाली गलौच कर उनके और उनके भाई के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे और तमंचा लहराकर भीड़ देखते हुए वहां से चले गये। ठुकराल का कहना है कि कुछ



लोग उनके खिलाफ राजनैतिक षड्यंत्र करके उनकी छवि को धूमिल करना चाहते हैं। ठुकराल ने आरोप लगाया कि कुछ समय पहले जेल से बाहर आये लोगों के गैंग के सदस्यों ने इस घटना को अंजाम दिया है और इनको राजनैतिक संरक्षण मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि यह लोग उनकी और उनके भाई की हत्या करना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर रम्पुरा वार्ड 22 निवासी युवक ने रम्पुरा चौकी में दी तहरीर में कहा है कि वह पिछले काफी समय से भाजपा से जुड़ा हुआ है। इससे पूर्व वह पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ काम करता रहा है। उसका आरोप है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा में टिकट न मिलने के बाद ठुकराल और उनके समर्थकों ने राजनैतिक रंजिश के कारण उस पर चुनाव लड़ने का दबाव बनाया। जिसके लिए मना करने पर वह रंजिश रखने लगे। युवक का आरोप कि 5 अक्टूबर की रात्रि जागरण कार्यक्रम के दौरान रास्ते में वाहन साईड करने को कहने पर पूर्व विधायक, उनके भाई और एक अन्य व्यक्ति ने उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट की और जातिसूचक शब्दों को प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस दोनों पक्षों की दी तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। शहर में यह मामला काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पीएसी के स्कूल में बच्चों को खिलाई एलबेंडाजोल दवा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राजकीय आदर्श विद्यालय पीएसी में कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरके सिन्हा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ संजीव गोस्वामी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मशयूनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि कृमि ऐसे परजीवी होते हैं जो भोजन और जीवित रहने के लिए मानव आंतों में रहते हैं। ये शरीर के पोषक तत्वों का सेवन करते हैं, जिससे खून की कमी, कुपोषण और बच्चों की वृद्धि में बाधा उत्पन्न होती है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा बताया गया कि जिले के समस्त विकासखंडों के विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रत्येक विद्यालय में बुधवार को भारत सरकार एवं उत्तराखंड सरकार की स्वास्थ्य पहल के तहत कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल दी जाएगी। जिसका मॉप अप राउंड 15 अक्टूबर है। जिले के 604459 बच्चों को कृमिरोधक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में जनपद के समस्त ब्लॉक में आज कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। डॉ गोस्वामी बाल रोग्य विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि कृमिनाशक दवा विद्यालय समय के दौरान दी जाएगी। विद्यालय अध्यापकों से अनुरोध किया गया है कि कृपया सुनिश्चित करें कि बच्चा स्कूल आने से पहले उचित नाश्ता कर ले। प्रयोग की जाने वाली दवा एल्बेंडाजोल सरकार द्वारा स्वीकृत कृमिनाशक दवा, जो आंतों के कृमियों के उपचार के लिए सुरक्षित और प्रभावी है। कृमि रोधी दवा के संभावित हल्के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि कुछ बच्चों को, जिनमें संक्रमण का स्तर अधिक होता है, हल्की चक्कर आना, मितली, सिरदर्द या उल्टी जैसी परेशानी हो सकती है। यह सामान्य है क्योंकि दवा शरीर से कृमियों को निकालने का कार्य करती है।कृमि संक्रमण से बचाव के उपाय के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि भोजन करने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद हाथ धोएं। स्वच्छ शौचालय का प्रयोग करें।हमेशा चप्पल या जूते पहनें। स्वच्छ और सुरक्षित पानी पिएं। अच्छी तरह पका हुआ भोजन करें। फल, सब्जियाँ और सलाद अच्छी तरह धोकर खाएँ। नाखूनों को साफ और छोटा



रखें। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कल्पना परिहार , डॉ हितेश चौहान, कविता विष्ट स्टॉफ नर्स सुरभि फार्मासिट शिवाकांत, काउंसलर डोरी सिंह,कल्पना, आरबीएसके मैनेजर पूरनमल, आरकेएसके मैनेजर मो आमिर खां, विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं एवं बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया

# मेडिकल स्टोरों से प्रतिबंधित पेडियाट्रिक कफ सिरप जब्त

## बच्चों के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप पर सख्त हुई धामी सरकार, शिशु रोग अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

देहरादून (उद संवाददाता)।केंद्र सरकार द्वारा बच्चों के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप को लेकर जारी गाइडलाइन के सख्त अनुपालन हेतु उत्तराखंड सरकार ने कार्रवाई तेज कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशा–निर्देशों में खाद्य सरंक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की टीमें प्रदेशभर में औचक निरीक्षण अभियान चला रही हैं। इसी क्रम में देहरादून क्षेत्र में औषधि विभाग ने कई मेडिकल स्टोरों और शिशु रोग अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया, जहां से पेडियाट्रिक कफ सिरप के नमूने जब्त कर परीक्षण के लिए राज्य औषधि प्रयोगशाला भेजे गए हैं। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार के निर्देशों में यह सघन अभियान लगातार सभी जनपदों में जारी है। विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मेडिकल स्टोर या अस्पताल में प्रतिबंधित, असुरक्षित या बिना अनुमति वाली औषधियाँ न बेची जाएं और बच्चों की सेहत के साथ किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाया जाए। स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार से प्राप्त आदेशों तथा अपर आयुक्त एफडीए व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी के दिशा–निर्देशों के अनुसार औषधि विभाग की टीम ने आज देहरादून क्षेत्र में स्थित मेडिकल स्टोरों एवं शिशु रोग अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। अपर आयुक्त एफडीए व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा निरीक्षण के दौरान कई मेडिकल स्टोरों में Deñtro methorphan Hydrob romide Chlorphe niramine Maleate ,oa Phenylephrine Hydro chloride युक्त पेडियाट्रिक कफ सीरप्स का भंडारण पाया गया। इन औषधियों को नियमानुसार सीज (जब्त) करने की कार्यवाही की गई। साथ ही, कुल 06 पेडियाट्रिक कफ सीरप्स के नमूने फॉर्म–17 में परीक्षण हेतु एकत्रित किए गए हैं। नमूने अब राज्य औषधि



परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे जाएंगे, जहाँ उनकी गुणवत्ता और वैधता का परीक्षण किया जाएगा।अपर आयुक्त एफडीए व ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि किसी भी मेडिकल स्टोर पर Coldrif Respifresh TR Relife कफ सिरप उपलब्ध नहीं थी। विभाग ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश में केवल अनुमोदित, सुरक्षित और चिकित्सकीय रूप से स्वीकृत औषधियाँ ही उपलब्ध हों। विभाग ने सभी औषधि विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि यदि किसी भी स्टोर पर बिना अनुमति या प्रतिबंधित औषधियां पाई जाती हैं, तो उनके विरुद्ध खाद्य, औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940 तथा संबंधित नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेशवासियों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणित औषधियाँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि औषधि विक्रेताओं और अस्पतालों में नियमित निरीक्षण और सैंपलिंग प्रक्रिया को और तेज किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि औषधि विभाग का यह अभियान जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक कदम है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या नियम उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध या बिना लेबल औषधि की जानकारी निकटतम औषधि निरीक्षक या विभागीय हेल्पलाइन को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।इस निरीक्षण अभियान का नेतृत्व उप औषधि नियंत्रक हेमंत सिंह नेगी ने किया। उनके साथ सहायक औषधि नियंत्रक सुधीर सिंह, औषधि निरीक्षक मानेंद्र सिंह राणा, औषधि निरीक्षक श्रीमती निधि रतूड़ी, तथा औषधि निरीक्षक विनोद जगूड़ी टीम में सम्मिलित रहे। टीम ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और सभी जिलों में मेडिकल स्टोरों की निरंतर निगरानी की जाएगी ताकि आमजन तक केवल सुरक्षित और मानक औषधियां ही पहुँच सकें।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने रुद्रपुर में मनाया मानक महोत्सव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विश्व मानक दिवस-2025 के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा द्वारा मंगलवार को रुद्रपुर स्थित होटल रेडिसन ब्लू में "मानक महोत्सव" का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों तथा सरकारी विभागों





के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विपिन कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, श्रीकर सिन्हा, अध्यक्ष, सिडकुल एसोसिएशन, के.सी. सत्यावली, अध्यक्ष, सितारगंज एसोसिएशन, संदीप गुप्ता, अध्यक्ष, यूपी-यूके प्लाई एसोसिएशन तथा श्री नवीन वर्मा, अध्यक्ष, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बीआईएस देहरादून शाखा के प्रमुख एवं निदेशक सौरभ तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि विश्व मानक दिवस-2025 की थीम सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति में सामूहिक साझेदारी है। उन्होंने कहा कि बीआईएस मानकीकरण के माध्यम से उद्योग, उपभोक्ता और सरकार के बीच साझेदारी को सुदृढ़ कर रहा है, जिससे सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि मानक किसी भी उत्पाद की गुणवत्ता और विश्वसनीयता का आधार होते हैं। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को अपनाएं और भारतीय उत्पादों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएं। उन्होंने बीआईएस द्वारा रजत की हॉलमार्किंग मे एचयूआईडी प्रणाली को शामिल करने के निर्णय की सराहना की और कहा कि यह कदम भारतीय आभूषण उद्योग की पारदर्शिता बढ़ाएगा तथा उपभोक्ताओं के विश्वास को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से भारतीय उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वीकार्यता प्राप्त करेंगे। श्री भट्ट ने बीआईएस से आग्रह किया कि वह अपने उत्पादों एवं योजनाओं के प्रति अधिक जनजागरूकता उत्पन्न करे ताकि अधिक से अधिक उद्योग ठै के साथ जुड़ें और मानकीकरण के लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में बीआईएस स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों ने भी मंच पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें सरस्वती वंदना, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से "मानकों के महत्व" और "गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता" का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन को उपस्थित अतिथियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने सराहा। कार्यक्रम में क्षेत्र की 150 से अधिक प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उद्योगों के बीच मानक अपनाने की आवश्यकता, गुणवत्ता नियंत्रण, और ठै की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रमाणन, हॉलमार्किंग एवं रजिस्ट्रेशन स्कीम पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को बीआईएस के मिशन "शुद्धता की प्रतिबद्धता के साथ देश का विकास" से जुड़ने का आहवान किया गया।

# धन सिंह रावत के जन्मदिन पर भाजपाईयों ने मरीजों को बांटे फल

किच्छा(उद संवाददाता)। सरदार वल्लभ भाई पटेल प्राथमिक चिकित्सालय में मंगलवार को प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत के जन्मदिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, अधिकारियों व चिकित्सालय के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत



के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की मंगलकामनाएं कीं। इसके उपरांत उपस्थित कार्यकर्ताओं ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से भेंट की और उन्हें फल वितरित किए। इस दौरान मरीजों और उनके परिजनों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों से उन्हें मानसिक बल और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश भाटिया, महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक राय, चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर किशोर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती आरती दुबे, श्रीमती प्रेमलता चौहान, शोभित शर्मा, श्रीमती कविता मान, ठाकुर प्रेम सिंह, सोनम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने अपने कार्यकाल में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का जो संकल्प लिया है, उससे उत्तराखंड की जनता लाभान्वित हो रही है। कार्यक्रम के अंत में जिला स्वास्थ्य प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि डॉक्टर धन सिंह रावत के नेतृत्व में उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सेवा भाव के साथ समाज के बीच कार्य करते रहें।

# कैरियर काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को दी जानकारियां

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति नगर इकाई के तत्वाधान में गुरूकुल इंटर कालेज ट्रांजिट कैम्प में छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की तैयारी को कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मां शारदे की वन्दना व दीप प्रज्जवल के साथ किया गया। कार्यक्रम को कृष्णकांत कर, सुपद मंडल, रंजीता राय, समीर राय, असीम रक्षित, रवि सरकार व शंकर चक्रवर्ती आदि ने सम्बोधित किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को उनकी रूचि के अनुसार विशेषज्ञ डा. अनुराग सरकार, डा. रति रंजन सरकार, एड. शंकर चक्रवर्ती, असीम रक्षित, सेवानिवृत सैनिक कानाई लाल स्वर्णकार



आरआईटी से वेदप्रकाश व उजैव, इंजीनियर विपुल मंडल आदि द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में सफलता कैसे प्राप्त की जा सकती है की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पंकज दास गुप्ता, तपन शील, परितोष मंडल, प्रताप विश्वास, विकास मंडल, अनूप दत्ता, विक्रम राय, हरेकृष्ण ढाली, रीता राय, श्यामजी सरकार, ललिता कर, यशोदा विश्वास, संदीपनी सरकार, अरविन्द राय, नारायण महाजन, अर्नेन्दू सरकार, सुशील मंडल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिवपद सरकार ने किया।

# कांग्रेस नेत्री मीना ने वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की बरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है की वोट चोरी कर केंद्र की सत्ता में आने वाली भाजपा सरकार को सत्ता में रहने का कोई भी अधिकार नही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नैतिकता के आधार पर स्वम् पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। श्रीमती शर्मा रमपुरा क्षेत्र की महिला कांग्रेस नेत्री भूरी देवी के आवास पर वोट चोर, गद्दी छोड़, कार्यक्रम में आई सैकड़ो महिलाओं को संबोधित कर रही थी,



इस अवसर पर श्रीमती शर्मा, ने सभी महिलाओं और अन्य लोगो को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस, और उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा देश भर में वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। इससे पूर्व यहाँ पहुँचने पर उपस्थित महिलाओं ने मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा का भव्य स्वागत किया, इस दौरान सरोज रानी, चंद्रकली कोली, जमुना कोली, कांति रानी, मुन्नी देवी, माया देवी, किरण कोली, सरला, यादों देवी, विटोला देवी, ममता रानी, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# राज्यपाल करेंगे 118वें किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में आगामी 10 से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले 118वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी की तैयारियों के संबंध में आज कुलपति सभागार में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने की।कार्यक्रम के प्रारम्भ में निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल ने कुलपति एवं सभागार में उपस्थित सभी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत किया। मीडिया के सहयोग पर प्रकाश डालते हुए इस किसान मेले को सफल बनाने की अपेक्षा की। इस अवसर पर कुलपति डा. चौहान ने बताया कि 118वें अखिल भारतीय किसान मेले का उद्घाटन माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि एवं कृषक



कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड गणेश जोशी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह गांधी हाल में आयोजित होगा, जिसके उपरांत अतिथि मेला प्रांगण का भ्रमण करेंगे और किसानों को संबोधित करेंगे। कुलपति डा. चौहान ने बताया कि इस किसान मेले में विशेष आकर्षण स्मार्ट एवं डिजिटल कृषि, नवाचार और स्टार्टअप पर आधारित विद्यार्थियों के मॉडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इन नवाचारों से प्रेरणा लेकर छात्र भविष्य में उद्यमी बनने और रोजगार सृजन करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इसके साथ ही मेले में मशरूम चाय भी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। इसके अलावा 'श्रीअन्न' से बने उत्पादों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। मेले में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नई फसलों की प्रजातियाँ, कृषि यंत्र, पशु उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री किसानों को प्रदर्शित की जाएंगी। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डा. संजय चौधरी ने बताया कि मेले में देशभर से 200 से अधिक बड़े स्टॉल धारक पंजीकृत हो चुके हैं, जबकि अनेक छोटे उद्यम भी भाग ले रहे हैं। मेले में कृषि यंत्र, बीज, उर्वरक, पशुपालन, औषधीय पौधे, हस्तकला, सौर ऊर्जा उपकरण और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री की जाएगी। डा. चौधरी ने बताया कि विभिन्न बैंक, शोध संस्थान और सरकारी विभाग भी मेले में अपनी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी किसानों तक पहुँचाएंगे। प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने सभी मीडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रम्पुरा में फूंका ठुकराल का पुतला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुर्व विधायक राजकुमार ठुकराल से हुए विवाद के खिलाफ आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने रम्पुरा के मुख्य चौक पर ठुकराल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उनके पुतले को आग के हवाले किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पूर्व विधायक ठुकराल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की और उन्हीं के खिलाफ पुलिस से शिकायत कर दी। उन्होंने कहा कि कोली समाज ठुकराल की मनमानी को



बर्दाश्त नहीं करेगा और उनका कानून के दायरे में रहकर पूरा जवाब दिया जायेगा। पुतला फूंकने वालों में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ तमाम स्थानीय लोग शामिल थे।

# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित

बिलासपुर(उद संवाददाता)। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल, शारदा नगर, डिबडिबा द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गौतम अस्पताल, रुद्रपुर के सहयोग से प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों और स्कूल स्टाफ ने भी भागीदारी की।इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व को समझाना और एक स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में प्रेरित करना रहा। शिविर में बाल रोग, दंत चिकित्सा और नेत्र चिकित्सा विभागों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया।बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य और समग्र विकास पर केंद्रित परीक्षण किए, वहीं दंत




चिकित्सकों ने मौखिक स्वच्छता, उचित ब्रशिंग तकनीकों और खानपान के असर पर सलाह दी। नेत्र विशेषज्ञों द्वारा बच्चों की दृष्टि की जांच की गई और डिजिटल युग में आंखों की सुरक्षा के उपायों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।शिविर के दौरान न केवल छात्रों की चिकित्सीय जांच की गई, बल्कि उन्हें और उनके अभिभावकों को पोषण, स्वच्छता तथा निवारक स्वास्थ्य उपायों की जानकारी भी दी गई। उपस्थित अभिभावकों और छात्रों ने इस प्रयास की सराहना की, जिससे उन्हें सहज वातावरण में विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने गौतम अस्पताल की टीम, विशेष रूप से डॉ. गौतम को इस समाजोपयोगी कार्य के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह शिविर न केवल एक स्वास्थ्य सेवा रहा, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में विद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार की पहलों के माध्यम से छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता रहेगा।

# वाल्मीकि समाज ने यू ट्यूबर के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

काशीपुर। रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि पर की गई अनर्गल टिप्पणी को लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों ने एक यू ट्यूबर के प्रति भारी आक्रोश जताते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार सौदा (बन्नू) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 7 अक्टूबर को कुंडेश्वरी निवासी नवीन बिष्ट नामक एक यू ट्यूबर द्वारा फेसबुक पर भगवान वाल्मीकि के चरित्र को लेकर अनर्गल टिप्पणी किया गया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# बुल्डोजर चलाकर सरकारी भूमि से हटाया अतिक्रमण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। धामी सरकार के बुलडोजर ने आज एक हेक्टेयर से ज्यादा सरकारी भूमि को बाहरी लोगों के कब्जे से मुक्त कराया। जिला प्रशासन और भारी फोर्स की मौजूदगी में ये कारवाई की गई । राजस्व ग्राम लमरा भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इस अभियान में राजस्व विभाग, नगर निगम रुद्रपुर, पुलिस विभाग एवं सिंचाई विभाग की टीमें संयुक्त रूप से मौजूद रहीं। प्रशासन ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अतिक्रमित क्षेत्र को पूरी तरह खाली में की गई है, और किसी भी प्रकार का राजनीतिक या सांप्रदायिक दबाव इसमें प्रभावी नहीं रहा। टीम ने पहले स्थानीय लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था, परंतु निर्धारित अवधि में अनुपालन न होने पर प्रशासन जिन्हें शांति और संवाद के माध्यम से हटाया गया। प्रशासन ने साफ किया कि यह कार्रवाई किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि राज्य की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। नगर निगम के में आवश्यक था। अभियान के बाद क्षेत्र के कई ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकना विकास की दिशा में बड़ा कदम है। लोगों ने यह भी मांग की कि ऐसी कार्यवाहियां दिया कि जिलेभर में अतिक्रमण विरोध ी अभियान को तेज किया जाएगा और सभी सरकारी व सिंचाई भूमि की भौतिक स्थिति की समीक्षा शीघ्र की जाएगी। रुद्रपुर तहसील क्षेत्र में की गई यह कार्रवाई न केवल कानून व्यवस्था की सख्ती का





में सोमवार को प्रशासनिक सतर्कता और कानून के पालन की मिसाल देखने को मिली, जब अपर जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के आदेश पर उपजिलाधिकारी रुद्रपुर एवं उपनगर आयुक्त रुद्रपुर के निर्देशन में एक संयुक्त अभियान चलाकर खसरा संख्या 123 की लगभग 1 हेक्टेयर कराया और राजस्व विभाग ने उक्त भूमि पर पुन: कब्जा लेकर सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नियंत्रण वापस ले लिया। अभियान की निगरानी स्वयं उपजिलाधिकारी रुद्रपुर द्वारा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय के आदेशों के अनुपालन को कार्यवाही करनी पड़ी। कार्रवाई के दौरान पुलिस विभाग और स्थानीय प्रशासन ने पूर्ण सतर्कता बरती, ताकि किसी भी प्रकार का तनाव या सामुदायिक भ्रम न फैले। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ व्यक्तियों ने अतिक्रमित भूमि पर अस्थायी निर्माण कर लिया था, अधिकारियों ने बताया कि लमरा क्षेत्र में लंबे समय से राजस्व भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायतें मिल रही थीं। सिंचाई विभाग की भूमि से सटे इस क्षेत्र में भविष्य में जलनिकासी और सड़क चौड़ीकरण के कार्य प्रस्तावित हैं। ऐसे में भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना जनहित निरंतर जारी रहें, ताकि भूमाफिया और प्रभावशाली तत्वों को संदेश मिले कि शासन कानून से ऊपर नहीं है। सूत्रों के अनुसार, राजस्व विभाग अब उक्त भूमि पर सरकारी निशान पुन: स्थापित कर रहा है, ताकि भविष्य में पुन: कब्जे की कोई संभावना न रहे। प्रशासन ने यह भी संकेत उदाहरण है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि शासन की प्राथमिकता जनहित और न्यायप्रियता है न कि किसी वर्ग विशेष के पक्ष या विरोध में कदम उठाना। राजस्व ग्राम लमरा की यह घटना प्रशासनिक जवाबदेही, सामुदायिक सौहार्द और विधि शासन की एक सशक्त मिसाल बनकर सामने आई है।

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूर्ण करें कार्यकर्ता: खिलेंद्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिला नैनीताल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वदेशी, घर घर स्वदेशी के मंत्र को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में आत्मसात करें। सभी देशवासियों के संयुक्त प्रयास से हमारा देश 2047 में विकसित राष्ट्र बन कर सम्पूर्ण विश्व का नेतृत्व करेगा। उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट व अभियान के जिला संयोजक कमल नयन जोशी ने भी संबोधित किया।कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने व संचालन राज्यमंत्री दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, श्रीमती रेनू अधिकारी, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक कौस्तुभानंद जोशी, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी,





मुख्य वक्ता के रूप में नव नियुक्त नैनीताल जिला प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से खिलेंद्र चौधरी ने बताया कि हर घर उन्होंने बताया कि प्रदेश व जिला कार्यशाला के बाद अब मंडल स्तर पर कार्यशाला व विधानसभा स्तर पर सम्मेलन भी आयोजित किए जाएँगे। कार्यशाला को जिला सह प्रभारी व प्रदेश जिला महामंत्री रंजन बर्गली व अभियान के जिला सह संयोजक भुवन जोशी द्वारा किया गया। कार्यशाला में लालकुआ विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, अभियान के सह संयोजक अरविंद पड़ियार, श्रीमती रुचि गिरी शर्मा सहित जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान वाल्मीकि को किया नमन

रुद्रपुर । युग दृष्टा,महाकाव्य रामायण,के रचयिता,आदि कवि, भगवान बाल्मीकि के प्रकट उत्सव के अवसर पर रमपुरा बाल्मीकि मंदिर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए, इस अवसर पर मुख्य अतिथि रुद्रपुर नगरपालिका परिषद की पूर्व चेयरपरसन, कांग्रेस नेत्री श्रीमती मीना शर्मा, ने मंदिर में पूजा अर्चना की, और भगवान् बाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनका नमन किया। इससे पूर्व बाल्मीकि मंदिर कमेटी द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का



तिलक कर और पीत वस्त्र डालकर भव्य स्वागत किया, बाद में आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया, श्रीमती शर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन भी किया।बाद में बाहर से आये कलाकारों द्वारा सुंदर सुंदर झाँकियों की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर बाल्मीकि जयंती आयोजन कमेटी के सदस्यों राहुल बाल्मीकि, आशीष कुमार, अनिल कुमार, उमाशंकर, संतोष बाल्मीकि, जमुना प्रसाद,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# बागजाला में मांगों को लेकर धरना 51वें दिन भी जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बागजाला को मालिकाना अधिकार देने, अनिश्चितकालीन धरना बागजाला गांव के धरना स्थल पर 51 वें दिन भी जारी मोल पूंजीपतियों को लुटाया जा रहा है। यहां भी दशकों से बसे हुए लोगों को



निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर रहा।भाकपा माले राज्य सचिव कामरेड इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली जमीनों को कौडियों के उजाड़ने की कोशिशें इसीलिए की जा रही हैं जिससे इन जमीनों को भी अपने कॉर्पोरेट मित्रों को भेंट किया जा सके। ऐसी जनविरोधी नीतियों को लागू करने वाली सरकारों के खिलाफ जनसंघर्ष ही एकमात्र विकल्प है।धरने में आनंद सिंह नेगी, कैलाश पांडेय, विमला देवी, वेद प्रकाश, हेमा देवी, दीवान सिंह बर्गली, प्रेम सिंह नयाल, मीना भट्ट, अनीता अन्ना, गोपाल सिंह बिष्ट,हरक सिंह, ऋषि मटियाली, महेन्द्र आर्य, नंदी देवी, रेखा देवी, पार्वती देवी, दौलत सिंह कुंजवाल, दीवान राम, सुनीता देवी, भोला सिंह, नसीम अहमद, सुनीता रावत, शांति देवी, शोभा, दिव्या आर्य, मन्नू देवी, देवकी देवी, मारूफ अली, दिनेश चन्द्र, बैजंती देवी आदि शामिल रहे।

# अल्मोड़ा में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ नगर में बढ़ते बंदरों के आतंक से निजात दिलाने मांग की गई। नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने नगर के मुख्य बाजार में दोपहिया वाहनों में प्रतिबंध लगाने, लगातार बढ़ रहे बंदरों के आतंक से निजात दिलाने समेत तमाम समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। इसके अलावा पंतजलि मेगा स्टोर की ओर से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाईयां बाटी गई। यहां परिषद के अध्यक्ष केशव दत्त पांडे, पीजी गोस्वामी, विनोद गिरी, नरेंद्र कुमार वर्मा, सुरेश सिंह असवाल, शेर सिंह नेगी, दिवान सिंह नेगी, आनंद सिंह, रघुवीर सिंह, त्रिलोक सिंह, पुष्कर सिंह बोरा, कमल जोशी, गजेंद्र सिंह रावत, दीपक भट्ट, प्रकाश बोरा, मोहन जोशी, ललिता गोस्वामी, डॉ. भूमिका गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# शिव सैनिकों ने किया महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में महर्षि वाल्मीकि प्राकट्योत्सव दिवस के अवसर पर मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शिव सैनिकों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। यह शोभायात्रा लक्ष्मी शिशु मंदिर बरेली रोड से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। जिसमें महर्षि वाल्मीकि, लव-कुश, राम दरबार सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने वाल्मीकि जी के जीवन और उनकी रचनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर शिव सैनिकों ने वाल्मीकि जी के आदर्शों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प



लिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल प्रमुख हेमंत कुमार भईयू, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, संघठन मंत्री अशोक सिंधी, नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या, हेमंत साहू, पार्षद प्रीति आर्या, प्रदीप पाठक, सुनील गुप्ता, मनोज अग्रवाल, राजेश साहू, सुशील गुप्ता, आयुष वार्ष्णेय आदि शिव सैनिक शामिल थे।

# एसओटीएफ ने पकड़ी प्रतिबंधित नशीली दवाओं की खेप

काशीपुर( उद संवाददाता) ।कुमाऊँ परिक्षेत्र में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए एसओटीएफ टीम ने काशीपुर में भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बरामदगी की है। बनभूलपुरा और किच्छा के बाद अब काशीपुर में हुई इस निर्णायक कार्रवाई ने नशे के कारोबारियों की कमर तोड़ दी है।यह संयुक्त छापेमारी कुमाऊँ परिक्षेत्र की एसओटीएफ औषधि नियंत्रक विभाग तथा काशीपुर पुलिस की टीम द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान थाना काशीपुर क्षेत्र के आर्यनगर रोड स्थित "माता गर्जिया मेडिकल स्टोर" में भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गई। इनमें ट्रामाडोल के 646 और अल्प्राजोलम के 953 कैप्सूल शामिल हैं। कुल मिलाकर 1599 कैप्सूल जब्त किए गए। पूछताछ में मेडिकल स्टोर के स्वामी सौरभ सारस्वत कोई वैध अभिलेख या बिल प्रस्तुत नहीं कर सके।संयुक्त टीम की सटीक योजना और तत्पर कार्रवाई के



फलस्वरूप आरोपी के खिलाफ कोतवाली काशीपुर में एनडीपीएस एक्ट, 1985 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही औषधि नियंत्रक विभाग द्वारा भी आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस संयुक्त कार्रवाई में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार, औषधि निरीक्षक सुश्री निधि शर्मा, एसओटीएफ कुमाऊँ की ऑपरेशन यूनिट, और कोतवाली काशीपुर से उपनिरीक्षक गणेश पांडे, हेड कांस्टेबल जितेंद्र बिष्ट व कांस्टेबल ज्ञानेन्द्र सिंह शामिल रहे।कुमाऊँ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि कुमाऊँ पुलिस का लक्ष्य नशे के हर स्रोत को जड़ से समाप्त करना है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।राज्य के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी के "ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड" के विजन को साकार करने के लिए पुलिस एवं औषधि विभाग लगातार अभियान चला रहे हैं। हालिया कार्रवाई इस सतत प्रयास का एक और महत्वपूर्ण चरण है।नशे के सौदागरों के लिए यह स्पष्ट संकेत है कि अब किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। 'ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड' की ओर कुमाऊँ पुलिस का यह एक और सख्त कदम है।

# सांसद अजय भट्ट ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर। मनोज सरकार स्टेडियम में मंगलवार को सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत जिला कराटे प्रतियोगिता का समापन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद अजय भट्ट एवं मेयर विकास शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प के तहत सांसद खेल महोत्सव का आयोजन इस उद्देश्य से कराया जा रहा है ताकि गांव-गांव की प्रतिभाएं निखरकर अंतरराष्ट्रीय फलक तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल बढ़ाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना भी विकसित करते हैं।जिला कराटे प्रतियोगिता में खटीमा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रुद्रपुर की टीम द्वितीय और



काशीपुर की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में जिलेभर से कुल 175 कराटे खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सांसद अजय भट्ट और मेयर विकास शर्मा ने स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन खेल विभाग की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेश पांडे जी पूर्व कुमाऊ क्रीड़ा अधिकारी नागेंद्र शर्मा जी जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की जिला महामंत्री तरुण दत्ता सांसद खेल महोत्सव के लोकसभा संयोजक लक्ष्मण खाती अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लक्ष्मण सिंह सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा संयोजक अनुभव चौधरी तरुण दत्ता संजीव शर्मा नारायण बिष्ट योगेश शर्मा आदि खिलाड़ी, कोच मौजूद है।




# आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के लिए सौंपी जिम्मेवारियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" की जिला कार्यशाला पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या





में मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वदेशी मूल्यों, स्थानीय उद्योगों और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने की गंभीर जरूरत पर जोर दिया।सांसद अजय भट्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप बिष्ट, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, सह प्रभारी साकेत अग्रवाल, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा और दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरुआत की। इस अवसर पर जिला एवं मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों को स्वदेशी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।कार्यशाला में मुख्य वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में जनता की भागीदारी अनिवार्य बताते हुए कहा कि आगामी त्योहारों कृ दिवाली, भैया दूज, गोवर्धन पूजा, छठ आदि कृ में स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी को प्राथमिकता देना चाहिए। इससे न केवल भारत की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि देश में बने उत्पादों की मांग बढ़ेगी।मुख्य वक्ता प्रदीप बिष्ट ने इस अवसर पर कहा कि स्वदेशी अभियान भारत को नंबर वन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जोर देते हुए कहा हमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है कृ वह सपना जो प्रधानमंत्री मोदी ने देखा है, उसे हम सब मिलकर साकार करेंगे। 'घर-घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी' यही हमारी सोच होनी चाहिए। जो कुछ भारत में निर्मित हो या भारतीय उद्यमियों द्वारा उत्पादित हो, वही 'स्वदेशी' कहलाए। हम सभी नागरिकों को जागरूक करेंगे कि वे स्वदेशी वस्तुओं को ही प्राथमिकता दें। बिष्ट ने यह भी उल्लेख किया कि आज भारत आधुनिक हथियार, मिसाइल और उपग्रह तक स्वदेशी बन रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास दोनों दृष्टियों से वरदान सिद्ध होगा।सांसद अजय भट्ट ने कहा कि आत्मनिर्भरता सिर्फ आर्थिक आत्मनिर्भरता नहीं है, बल्कि मानसिक और सामाजिक आत्मविश्वास का भी प्रतीक है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को नित नवीन प्रयासों के लिए प्रेरित किया और कहा कि क्षेत्रीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की रणनीति पर जोर देना होगा। जिला प्रभारी राकेश नैनवाल ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जन-जन में आत्मनिर्भरता की भावना फैलाना है और प्रत्येक ब्लॉक व वार्ड स्तर पर स्वदेशी उत्पादों की पहुँच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी को संदेशवाहक की भूमिका निभानी होगी।जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि संगठन को मजबूती के साथ खड़ा करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक स्तर पर सक्रिय हों और स्थानीय जरूरतों तथा उत्पादन को जोर दें, तो आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत आधार तैयार हो जाएगा। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर योजना और स्थानीय प्रशासन को स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि नगर स्तर पर उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा मिलेगा तो ग्रामीण- शहरी दूरी घटेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, अनुसूचित जनजाति प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह राणा,पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नेत्रपाल मौर्या,हज कमेटी के चेयरमैन खघतिव अहमद, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुग,उपेंद्र चौधरी जी पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, रमेश जोशी,जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष शालिनी बोरा, जिला उपाध्यक्ष इंदरपाल सिंह मान, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडेय,जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, जिला मंत्री अक्षय अरोरा, मीडिया संजोयक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गेहलोत, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सह कार्यालय मंत्री सुरेंद्र समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धान की तुलाई में लापरवाही पर भड़के विधायक बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)।किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ मंगलवार सुबह नई अनाज मंडी पहुँचे, जहाँ कई दिनों से धान की तुलाई न होने से परेशान किसानों की पीड़ा उन्होंने स्वयं सुनी। हाल ही की भारी वर्षा और जलभराव से किसानों की उपज को हुआ नुकसान उनके आक्रोश में और इजाफा कर गया है। किसानों से बातचीत के दौरान विधायक बेहड़ ने जिला प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा सकी, जिससे उनकी फसलों को भारी नुकसान हुआ। अब जब



किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, तो न तो समय पर तुलाई हो रही है, न ही भुगतान की कोई स्पष्ट व्यवस्था है। ऊपर से बारिश और जलभराव ने धान को और नुकसान पहुँचा दिया है। विधायक ने आरोप लगाया कि किसानों की बात सुनने वाला कोई नहीं है और सरकार पूरी तरह संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ वह चुप नहीं बैठेंगे। विधायक बेहड़ ने यह भी मांग की कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से धान की तुलाई शुरू कराए और जिन किसानों की उपज बारिश से खराब हुई है, उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालड़ा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, गुलशन सिंधी, सुनीता कश्यप, धर्मेंद्र सिंधी, भानु सिंधी समेत बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सीजेआई पर हमला

सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को प्रधान न्यायाधीश के साथ एक वकील ने जो किया, उससे यह तीखा सवाल उठा है कि ऊंची पढ़ाई-लिखाई करके वकालत का पेशा चुनने वाला एक व्यक्ति कैसे अपने दुराग्रहों की वजह से कानून और न्याय-प्रक्रिया को अपमानित कर सकता है। गौरतलब है कि एक वकील ने कार्यवाही के बीच में ही प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की ओर सिर्फ इसलिए जूता उछालने की कोशिश की कि उसके दिमाग पर सोशल मीडिया पर फैलाई गई कोई बात हावी हो गई थी। सवाल है कि जिस व्यक्ति के भीतर विवेक इस कदर अनुपस्थित हो गया हो कि वह अदालत में ही प्रधान न्यायाधीश के प्रति आक्रामक हो गया, वह इससे ज्यादा हिंसक नहीं होगा, इस बात की क्या गारंटी है। इस मसले पर सोशल मीडिया पर फैलाई गईं बातों के असर में इस तरह बेलगाम और आक्रामक होना इस बात का भी सूचक है कि ऐसे व्यक्ति का विवेक सामान्य तरीके से काम नहीं कर पा रहा है और वह कानून के तंत्र एवं शासन के बजाय हिंसा का रास्ता अख्तियार करना ज्यादा सही मानता है। शायद यही वजह है कि प्रधान न्यायाधीश ने भले ही उदारता दिखाते हुए आरोपी व्यक्ति के प्रति नरमी बरती, लेकिन सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल ने आरोपी वकील का लाइसेंस जब्त कर उसे निलंबित कर दिया। मगर इस घटना की गंभीरता को समझते हुए ही खुद प्रधानमंत्री सहित अन्य कई बड़े नेताओं ने इसे निंदनीय बताया और चिंता जाहिर की। हैरानी की बात है कि आरोपी ने अपनी मनमानी करने का जो कारण बताया, उससे यह साफ है कि वकील होने के बावजूद उसकी नजर में कानून या न्याय-प्रणाली की कोई अहमियत नहीं है। दरअसल, सोशल मीडिया पर प्रधान न्यायाधीश के एक बयान की मनमानी व्याख्या करके उसे फैलाया गया और उसके प्रभाव में आए लोगों ने इस पर सोचने-समझने या विवेक का उपयोग करने की जरूरत नहीं समझी। आरोपी वकील ने जिस सनातन के कथित अपमान की बात की, क्या वह उसे आक्रामकता और हिंसा का सहारा लेने का संदेश देता है? इस समूचे मामले में सोशल मीडिया की जैसी भूमिका सामने आई, वह भी बेहद चिंताजनक और बहसतलब है। आजकल सोशल मीडिया पर जिस तरह बिना कुछ सोचे-समझे किसी बात की गलत व्याख्या करने और उसके जरिए व्यापक स्तर पर धारणा बनाने का चलन देखा जा रहा है, उसके घातक नतीजे सामने आ रहे हैं। एक ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जिसमें विचार, बहस और विवेक के उपयोग की जगह सिमटती जा रही है और आक्रामकता तथा हिंसक मनोवृत्ति का उभार देखा जा रहा है। यह स्थिति देश के लोकतंत्र और कानून के लिहाज से बेहद चिंताजनक है।

# मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

शक्तिफार्म। नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों को रंग-बिरंगी झालरों, पुष्पों और रोशनी से सजाया गया। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं द्वारा वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना का क्रम आरंभ हो गया था। मुख्य कार्यक्रम के तहत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने वाल्मीकि मंदिर से हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जिसमें समाज के बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में ऋषि वाल्मीकि, लव-कुश एवं शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां देखने लायक थीं। शिव-पार्वती का रूप धरे कलाकार धार्मिक गीतों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान युवाओं ने नगर में जमकर आतिशबाजी कर उत्सव का माहौल और भी रंगीन बना दिया। शोभायात्रा के पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने विधि-विध




ान से पूजा- अर्चना की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सच्चे कर्मयोगी, महाकवि और समाज सुधारक थे। उन्होंने रामायण जैसी अमर कृति के माध्यम से सत्य, निष्ठा और मानवता का मार्ग दिखाया। वक्ताओं ने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में समानता और एकता का संदेश फैलाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल, कांग्रेसी नेता नवतेज पाल सिंह, सभासद विक्रम सिंह भंडारी, देवाशीष पोद्दार, गोविंद पोखरिया, गोविंद सरकार, युवा वाल्मीकि कमेटी के नगर अध्यक्ष रोहित वाल्मीकि, उपाध्यक्ष रवि वाल्मीकि, हरिओम वाल्मीकि, अमरपाल, विकास, अर्जुन, सन्नी, रिंकू, विनोद, सोनू, सौरभ, राहुल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

# दुर्गा माता मंदिर में सर्व कल्याण के लिए हुआ हवन यज्ञ

रूद्रपुर। श्री बाबा अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से रम्पुरा स्थित दुर्गा माता मंदिर में एक दिवसीय विशाल शिव जागरण के पश्चात मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें सर्व कल्याण, सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना की गई। हवन यज्ञ में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मुख्य रूप से भाग लिया और यज्ञ में आहुति देकर सभी के मंगल की कामना की। इस दौरान सभी ने मिलकर सामूहिक रूप से यज्ञ में भाग लिया और समाज में शांति, सद्भाव व समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजन स्थल पर पूरे दिन भक्ति रस का माहौल बना रहा।



श्रद्धालुओं ने शिव भजनों का आनंद लिया और आरती में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।इस दौरान ठुकराल ने कहा कि उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं और जनमानस में समरसता, सेवा और शांति का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि शिव जागरण और हवन जैसे आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर मधु कोली, सोनी कोली, राजकुमार कोली, पूजा कोली, आशा कोली, मीनू कोली, कमला कोली, सुनीता कोली, हृदय कोली, रेशमा कोली, जगवती कोली, राकेश कोली, सुरेश कोली, अमित कोली, पप्पू कोली, प्रमोद कोली, अमर कोली, मोहित कोली, नरेश कोली, राजेश कोली, सतीश कोली, विशाल कोली, भगवान श्री कोली, आयुष कोली, अशोक कोली और रोहित कोली आदि मौजूद रहे।





# विरासत महोत्सव की सांझ सितार, सुर और स्वर की त्रिवेणी में डूबी

देहरादून। विरासत महोत्सव के चौथे दिन की शुरुआत भक्ति रस में डूबी 'विरासत साधना' से हुई, जहां शहर के विभिन्न स्कूलों की बालिकाओं ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कत्थक, ओडिसी और भरतनाट्यम के संयोजन ने मंच को रंगमय कर दिया। कत्थक में अदिति थापा, तपस्या लिंगवाल, प्रियंका खाती और आद्या कुकरेती की प्रस्तुति सराही गई, वहीं भरतनाट्यम में मानवी सिंह और रिनिका चमोली ने अपनी कला का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक संध्या में हाइ परफॉर्मेंस सेंटर, दून इंटरनेशनल, एन मैरी स्कूल और अन्य संस्थानों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भी बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को श्रीमती कल्पना शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।संध्या के कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ यूपीईएस यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने किया। इसके बाद मंच संभाला सुप्रसिद्ध




सितार वादक सौमित्र ठाकुर ने, जिन्होंने राग यमन की भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को रससिक्त कर दिया। तबले पर उनका साथ दिया शुभ महाराज ने। सौमित्र ठाकुर की प्रस्तुति विरासत की उस समृद्ध परंपरा का हिस्सा रही, जहां संगीत न केवल सुनाई देता है, बल्कि आत्मा तक पहुंचता है।सौमित्र ठाकुर के संगीत सफर की बात करें तो वे आकाशवाणी के 'ए' ग्रेड कलाकार हैं। उन्हें राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल से बालश्री पुरस्कार, डोवरलेन संगीत सम्मेलन में प्रथम स्थान, भारत सरकार से रिसर्च फेलोशिप, एनसीईआरटी से 'चाचा नेहरू छात्रवृत्ति' और कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। उनका संगीत वैश्विक मंचों पर भी गूंजता रहा है, जिनमें दोहा में फीफा वर्ल्ड कप समारोह, न्यूयॉर्क का ऑफ ब्रॉडवे, और मीरा नायर की चर्चित फिल्म 'द मानसून वेडिंग' शामिल हैं।इसके बाद मंच पर आए युवा शास्त्रीय गायक अनिरुद्ध ऐथल, जिन्होंने अपनी भावपूर्ण गायकी से सबका मन मोह लिया। उन्होंने राग मारू बिहाग, राग कौंस और किराना घराने की दुर्लभ बंदिशों के माध्यम से श्रोताओं को शास्त्रीय संगीत की गहराइयों में डुबो दिया। हारमोनियम पर पंडित विनय मिश्रा, तबले पर पंडित मिथिलेश झा और तानपुरा पर मोहित बैजवाल ने संगत की।अनिरुद्ध ऐथल देश के सबसे युवा 'ए' ग्रेड ऑल इंडिया रेडियो कलाकार हैं और उन्हें सीसीआरटी एवं कर्नाटक संगीत नृत्य अकादमी से छात्रवृत्तियाँ प्राप्त हैं। उनकी प्रस्तुति न केवल तकनीकी दृष्टि से परिपूर्ण थी, बल्कि उसमें भावों की गहराई भी स्पष्ट दिखाई दी।जैसे-जैसे रात गहराती गई, विरासत की महफिल में सुरों की सरताज, गायक एवं गीतकार अनुराग शर्मा की गजलों और गीतों ने ऐसा समां बांधा कि हजारों श्रोता तल्लीन हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी लोकप्रिय गजल 'कोई फरियाद...' से हुई, जिसने वातावरण को भावनाओं से भर दिया। इसके बाद 'छाप तिलक' और ष्दमादम मस्त कलंदरष जैसे सूफी गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अनुराग शर्मा के साथ मंच पर बांसुरी पर नीनाद भालवणकर, गिटार पर चिंटू सिंह वसीर, कीबोर्ड पर विशाल भूमल, तबले पर मणि भारद्वाज और सितार पर पंडित विशाल मिश्रा ने अपनी संगत से प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया।अनुराग शर्मा की गायकी की खासियत उनकी भावनात्मक पकड़ और मिठास से भरपूर आवाज है। वे आकाशवाणी दिल्ली के नियमित कलाकार हैं और उन्होंने दो एकल गजल एलबम के अलावा लगभग 400 से अधिक गजलों को स्वरबद्ध किया है। साथ ही, कई टीवी धारावाहिकों के शीर्षक गीतों को भी उन्होंने अपनी आवाज दी है।विरासत महोत्सव का यह दिन संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का एक ऐसा संगम बन गया, जहां परंपरा और नवाचार दोनों की छवि स्पष्ट रूप से दिखाई दी। सांस्कृतिक समृद्धि और युवा प्रतिभाओं की इस अभूतपूर्व प्रस्तुति ने दर्शकों के मन पर अमिट छाप छोड़ी।





# पालिकाध्यक्ष ने किया कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ

गदरपुर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय गदरपुर में कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार गुंबर एवं सभासद मुकेश चावला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। माननीय नगरपालिका अध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया कि कृमि ऐसे परजीवी होते हैं जो भोजन और जीवित रहने के लिए मानव आंतों में रहते हैं। ये शरीर के पोषक तत्वों का सेवन करते हैं, जिससे खून की कमी, कुपोषण और बच्चों की वृद्धि में बाधा उत्पन्न होती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके डॉ विकास सचान, डॉ रेखा रानी, फार्मासिस्ट के एन जोशी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी आशा फैसिलिटेटर श्रीमती सीमा रानी, आशा श्रीमती सरिता देवी एवं नीलम रानी द्वारा प्रतिभाग किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के ब्लॉक प्रबंधक मोहम्मद रिजवान द्वारा बताया गया कि गदरपुर विकासखंड के विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए, प्रत्येक विद्यालय में बुधवार (8 अक्टूबर) को भारत सरकार एवं उत्तराखंड सरकार की स्वास्थ्य पहल के तहत कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल दी जाएगी। जिसका मॉप अप राउंड दिनांक 15 अक्टूबर है। विकास खंड के 61933 बच्चों को कृमिरोधक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में ब्लॉक के समस्त चिकित्सायों में आज



कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजनी कुमार द्वारा सीएचसी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है ।डॉ विकास सचान चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा बताया गया कि कृमिनाशक दवा विद्यालय समय के दौरान दी जाएगी । विद्यालय अध्यापकों से अनुरोध किया गया है कि कृपया सुनिश्चित करें कि बच्चा स्कूल आने से पहले उचित नाश्ता कर ले। प्रयोग की जाने वाली दवा एल्बेंडाजोल सरकार द्वारा स्वीकृत कृमिनाशक दवा, जो आंतों के कृमियों के उपचार के लिए सुरक्षित और प्रभावी है। डॉ रेखा रानी द्वारा कृमि रोध ी दवा के संभावित हल्के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि कुछ बच्चों को, जिनमें संक्रमण का स्तर अधिक होता है, हल्की चक्कर आना, मितली, सिरदर्द या उल्टी जैसी परेशानी हो सकती है । यह सामान्य है क्योंकि दवा शरीर से कृमियों को निकालने का कार्य करती है। श्रीमती राध ा मिगलानी काउंसलर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा कृमि संक्रमण से बचाव के उपाय के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि भोजन करने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद हाथ धोएं। स्वच्छ शौचालय का प्रयोग करें।हमेशा चप्पल या जूते पहनें। स्वच्छ और सुरक्षित पानी पिएं। अच्छी तरह पका हुआ भोजन करें।फल, सब्जियाँ और सलाद अच्छी तरह धोकर खाएँ।नाखूनों को साफ और छोटा रखें। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से बीआरसी समन्वयक श्री मोहन लाल जी, श्री वीरेंद्र अग्रवाल जी एवं विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं एवं बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया।अंत में विद्यालय प्रध ानाचार्य श्री राकेश कुमार चौहान द्वारा कृमिनाशन के लाभ के बारे में बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि समय-समय पर कृमिरोधी दवा खाने से बच्चों का तेज और स्वस्थ विकास होता है। तथा यह अन्य संक्रमणों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है। बच्चों के सीखने और गतिविधि स्तर में सुधार करता है।नियमित स्कूल उपस्थिति में सुधार लाता है। श्री के एन जोशी फार्मासिस्ट राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा कृमि मुक्ति दिवस अभियान की रिपोर्टिंग के संबंध में जानकारियां दी गई। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा चिकित्सा विभाग के अभियान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# जागरण में श्रद्धालुओं ने किया मां भगवती का गुणगान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 1 फुलसुंगा स्थित तीन पानी डाम क्षेत्र के दुर्गा एनक्लेव में आयोजित भव्य भगवती जागरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जागरण में देर रात तक मां भगवती के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। भजन गायकों ने देवी स्तुतियों और भक्ति गीतों के माध्यम से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जागरण में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की भव्य झांकी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जागरण के दौरान भक्ति से सराबोर श्रद्धालुओं ने मां की आरती कर सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी माता रानी के दरबार में पहुंचकर हाजिरी लगाई और मां भगवती का गुणागान सुना। आयोजकों की ओर से श्री ठुकराल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान



भी किया गया। इस अवसर पर श्री ठुकराल ने कहा कि मां भगवती की कृपा से ही समाज में शांति, शक्ति और सद्भाव बना रहता है। माता रानी सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें, यही मेरी कामना है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और मां दुर्गा की आरती के साथ हुआ। जागरण में शहर के कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान विजेंद्र प्रसाद भगत, संजय कुमार भगत, अजय कुमार भगत, सुरजीत कुमार भगत, अमित कुमार भगत, अजीत कुमार भगत, समाजसेवी संजय ठुकराल, भाजपा नेता राकेश सिंह, मनीष शुक्ला, गगन ग्रोवर, मनीष भगत, सुनील भगत, धर्मेंद्र भगत, सुशील भगत, गोविंद कुमार, खुशहाल शर्मा, सुमित अरोड़ा समेत अनेक श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

## कलाकारों द्वारा अघोरी नृत्य रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र

गदरपुर(उद संवाददाता)। वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि के प्रकाश उत्सव को बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो वाल्मीकि मंदिर, सकैनिया मोड़ से प्रारंभ होकर पंजाबी कॉलोनी, गूलरभोज रोड और मुख्य मार्ग होते हुए पुन: मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर और मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रीत ग्रोवर द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की जय घोष करते हुए झंडी दिखाकर किया गया । शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण कालिका अखाड़े के कलाकारों की बेहतरीन प्रस्तुतियां और अघोरी तांडव रहा । शोभा यात्रा मार्ग में कई जगह पर तोरण द्वार सजाकर प्रसाद वितरण करके स्वागत किया गया । शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के अलावा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, परमजीत सिंह पम्मा, वार्ड नंबर 4 सभासद रजत कुमार अश्वनी, कपिल गंडा, राहुल भाटिया सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं वाल्मीकि समाज के सैकड़ों लोग शामिल रहे। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के महंत हरपाल सिंह हितकारी द्वारा प्रसाद वितरण की सेवा करने के साथ सभी को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं प्रदान की गई।आयोजन समिति और पदाधि कारीकार्यक्रम के संयोजक रजत कुमार अश्वनी श उमेश कुमार (सफाई नायक, नगर पालिका गदरपुर) रहे। शोभायात्रा की कार्यकारिणी में अध्यक्ष गोविंद चौध री, उपाध्यक्ष रंजन (पप्पू), महामंत्री अश्वनी चौरसिया, उपमंत्री राहुल, कोषाध्यक्ष अंकित कुमार, सहकोषाध्यक्ष शुभम, सचिव अश्विन (कुक्कू), सहसचिव लोकेश और प्रचारक विशाल शामिल रहे।सदस्य पद पर राजा, अजय, आनंद, लोकेश, पवन, मुकेश, बृजेश, गौरी, अजय, मोह, सोनू, रवि, अर्जुन, सोनू, आकाश, मंजीत, राजेश, रोहित, जितेंद्र, गुलशन, शुभम, सौरभ, अनुराग, अमित, मित्तल, बॉबी, पंकज, रितेश, अमित, दीपक, विजय, अंकित, सौरभ, राजीव, सौरभ, कपिल, नीरज, रवि, कुशवाह, भोलू, सोनू, हरीश, सौरभ, बाबा, गोविंदा, कृष्ण, शैलेश, मनोज, इत्यादि मौजूद रहे।प्रमुख आकर्षण शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भोले शंकर की झांकी, महर्षि वाल्मीकि को रथ पर विराजमान कर निकाली गई झांकी और अन्य धार्मिक झांकियां प्रमुख आकर्षण रहीं। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में शोभायात्रा का समापन भव्यता और श्रद्धा के साथ हुआ। आयोजन के प्रमुख सहयोगियों में चौधरी हरीराम, चौधरी गोविंद सिंह और विशेष व्यवस्थापक एवं सभी पदाधिकारी गण शामिल रहे।इस आयोजन से नगर में सामाजिक भाईचारे और धार्मिक एकता का संदेश गया।







## पेज एक का शेष...

**डेमोग्राफी चेंज पर ...**आया था। ऐसे में अब एक ऐसी एप्लीकेशन तैयार करने की कार्य योजना तैयार की गई है,जिससे पुलिस के लिए सत्यापन प्रक्रिया को आसान बनाया जा सके और उत्तराखंड में रह रहा कोई बाहरी व्यक्ति पुलिस की नजर से ओझल भी ना हो सके ।इस एप्लीकेशन को तैयार करने के लिए पुलिस और शासन का आईटी विभाग मिलकर काम करेंगे ताकि यहां आने वाले का एक डेटा बेस तैयार हो सके। अभी तक सत्यापन का कोई रिकॉर्ड पुलिस के पास नहीं रहता है। क्योंकि अलग-अलग थानों, चौकियों में सत्यापन प्रकिया एक रजिस्टर तक ही सीमित है। पुलिस मुख्यालय ने अब इस रजिस्टर में दर्ज जानकारियों को मुख्यालय मंगवाना शुरू कर दिया है। संभावना जताई जा रही है कि इसी महीने के अंत तक ऐप को तैयार कर लिया जाएगा। ऐप के तैयार होने के बाद प्रदेश में बृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाकर उत्तराखंड में रह रहे बाहरी लोगों का डेटाबेस तैयार किया जाएगा।

**कफ सिरप कांड..**आपदा की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है। समिति यह पता लगाएगी कि जहरीली सिरप बाजार तक कैसे पहुंची, इसके लिए कौन जिम्मेदार है, और किस स्तर पर चूक हुई। औषधि निरीक्षक दलों को सभी मेडिकल स्टोरों की दवाओं की रिपोर्ट जल्द देने के निर्देश दिए गए हैं। इस पूरी घटना ने न सिर्फ स्वास्थ्य तंत्र की तैयारियों पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह चेतावनी भी दी है कि बच्चों के जीवन से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही का खामियाजा कितना भयावह हो सकता है। अब पूरा प्रदेश, विशेषकर पीड़ित परिवार, सरकार और जांच एजेंसियों की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

**भगवान वाल्मीकि...**है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महर्षि वाल्मीकि के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाकर एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दें।सांसद भट्ट ने रुद्रपुर नगर निगम को हाल ही में प्राप्त 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' के लिए विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम ने एक नई पहचान बनाई है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में रुद्रपुर नगर निगम को प्रदेश के 11 नगर निगमों में प्रथम स्थान मिलना अत्यंत गौरव की बात है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासन की कार्यकुशलता का प्रमाण है, बल्कि नगरवासियों की जागरूकता और सहभागिता का भी परिणाम है।महर्षि वाल्मीकि जयंती के इस शुभ अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें यह सिखाता है कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से क्यों न हो, अपने कर्मों और ज्ञान से समाज को दिशा दे सकता है। उनके विचार आज भी हमें प्रेरित करते हैं कि हम समाज में समरसता, समानता और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ें। महापौर ने आगे कहा कि नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में 'अटल निर्मल नगर पुरस्कार' मिलना हम सभी रुद्रपुरवासियों के लिए गर्व का विषय है। यह पुरस्कार सिर्फ एक संस्था की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे शहर की मेहनत, भागीदारी और संकल्प का परिणाम है। मैं इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट सहित सभी वरिष्ठ जनों, नगर आयुक्त, पार्षदगण, सफाईकर्मियों और नागरिकों का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने इस लक्ष्य को साकार करने में भूमिका निभाई।इस अवसर पर भाजपा नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, पारस चुघ, पार्षद चंद्रसेन चंदा, के.के. त्रिपाठी, चिराग कालरा, सोनू मुल्तानी, मनोज, सुनील रोहतगी, बिट्टू वाल्मीकि, , ममता जीना, साधना शर्मा, उर्मिला मिश्रा, संदीप वाल्मीकि, छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, नेत्रपाल मौर्य, रोहित वाल्मीकि, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर सहित अन्य अनेक जनप्रतिनिधि, पर्यावरण मित्र, पार्षदगण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**फैक्ट्री गेट पर ..** करता था। आज प्रात: साढ़े आठ बजे से उसकी ड्यूटी थी। बताया जाता है कि जब वह ड्यूटी के लिए फैक्ट्री गेट के पास पहुंचा ही था कि तभी गलत दिशा से तेज गति से आते केन्टर के चालक ने उसे टक्कर मारकर कुचल दिया। घटना के बाद वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने केन्टर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और केन्टर चालक को अपनी हिरासत में लेकर घायल श्रमिक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

**खालिद और साबिया ..**रहे। इस दिशा में जांच को और व्यापक किया जा रहा है, साथ ही खालिद को पूछताछ के लिए रिमांड पर भी लिया जा सकता है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि तलाशी के दौरान एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आयाख्रखालिद ने कुछ ऐसी परीक्षाओं के लिए भी आवेदन किया था, जिनके लिए वह शैक्षणिक रूप से योग्य नहीं था। अब एसआईटी इस बिंदु पर भी गहराई से जांच कर रही है कि जब वह न तो तैयारी कर रहा था, न ही योग्य था, तो बार-बार परीक्षाओं में आवेदन करने की असली मंशा क्या थी। इससे प्रतीत होता है कि वह किसी संगठित योजना के तहत ऐसे प्रयास कर रहा था। जांच अब उसके पिछले दो वर्षों के संपर्कों तक फैलाई जा रही है। इसके अलावा, खालिद के मोबाइल फोन से भी पुलिस को अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, परीक्षा के दिन वह दो मोबाइल लेकर गया था। इनमें से एक फोन उसने पुलिस से बचने के लिए फॉर्मेट कर ट्रेन के कूड़ेदान में फेंक दिया था, जो अब तक बरामद नहीं हो सका है। दूसरा मोबाइल जब्त कर लिया गया है, जिसमें उसने परीक्षा के दौरान अपनी बहन साबिया को प्रश्न पत्र के तीन पन्नों के फोटो भेजे थे। यह मोबाइल भी फॉर्मेट किया जा चुका है, लेकिन पुलिस विशेषज्ञों की मदद से उसका डाटा रिकवर करने की कोशिश की जा रही है। यदि यह डाटा मिल गया, तो खालिद के बीते दो वर्षों के संपर्कों और गतिविधियों का खुलासा हो सकता है, जिससे जांच को बड़ी दिशा मिलने की उम्मीद है।

**गोलीकांड के फरार..**गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यदि आरोपी समय रहते आत्मसमर्पण नहीं करता तो न्यायालय के आदेशानुसार आगे की विधिक कार्रवाई करते हुए संपत्ति कुर्क की जाएगी। वहीं, पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में भी लगातार दबिश दे रही है।


विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax), 9897427585, 9897427586(Mob.)

# लोनिवि की खंती पर भू माफियाओं का कब्जा

## बगैर परमिशन डाल दिए बड़े-बड़े स्लैब, तैयार कर दिया पक्का नाला

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। भ्रष्ट अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण यहां भूमाफियाओं ने करोड़ों की वेश कीमती सरकारी भूमि पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक अलीगंज रोड पर भूमाफियाओं ने अवैध प्लाटिंग का जाल बिछा रखा है। अलीगंज अड्डे से लेकर राज्य की सीमा तक सड़क के दोनों ओर दर्जनों स्थानों पर लोक निर्माण विभाग की खंती(नाले) पर भू माफियाओं ने बड़े-बड़े स्लैब डाल दिए हैं। सरकारी संपत्ति पर बगैर परमिशन के स्लैब डाले जाने के कारण जहां बरसात के दिनों में जल निकासी की समस्या बड़ा अवरोध बन चुकी है वहीं दूसरी ओर जेसीबी को सफाई के लिए मुश्किलों का सामना भी करना पड़ेगा। बांसखेड़ा गांव के सामने एक भूमाफिया ने प्लाटिंग के सामने लोनिवि की संपत्ति पर पक्का नाला तैयार कर दिया। उसका कहना है कि 4 वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी से उसे निर्माण की परमिशन दी थी। इसी तरह उक्त मार्ग पर कुछ ही दूरी पर जनपद मुरादाबाद की तहसील ठाकुरद्वारा में पोस्टेड एक संग्रह अमीन द्वारा सड़क किनारे बड़े भूभाग पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यहां फ्लैट/विला बनाकर बेचे जाने की योजना है। यहां भी लोक निर्माण विभाग की भूमि पर भारी भरकम स्लैब बनाए गए हैं। जानकारी लेने पर बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा बाकायदा यहां भी स्लैप डालने की परमिशन दी गई है। इस पूरे प्रकरण में मजे की बात यह है कि सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण करने की परमिशन कौन दे रहा है क्यों दे रहा है और किसके इशारों पर यह खेल खेला जा रहा है। फिलहाल इस पूरे मामले में लोग निर्माण विभाग के एक सहायक अभियंता की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जा रही है जो पिछले लगभग 4 वर्षों से काशीपुर में तैनात है। इसी तरह काशीपुर क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी दर्ज व्यवस्थाओं पर विभागीय अधिकारियों की शह पर सरकारी संपत्तियों पर कब्जे कराए गए हैं।








### सवालों के घेरे में सहायक अभियंता की भूमिका

काशीपुर। सरकारी संपत्तियों पर तेजी से हो रहे अतिक्रमण को लेकर जब लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता इं. परवेज आलम से फोन पर जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने बड़ी ही सफाई से मामले को टालने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि देखना पड़ेगा परमिशन किसको दी गई है या फिर अनधिकृत तरीके से किसने निर्माण कराया। कुल मिलाकर इस मामले में गोल-मोल जवाब देकर सहायक अभियंता ने पल्ला झाड़ लिया।






# युवतियों संग आपत्तिजनक हालत में मिला मैकेनिक, लोगों ने पीटा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के नैनीताल रोड स्थित वार्ड नंबर तीन में सोमवार देर रात मौहल्ले वासियों द्वारा एक मैकेनिक को तीन युवतियों के साथ एक घर में आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। जिसके बाद लोगों ने आरोपी को पकड़कर बेरहमी से पीट दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की विस्तार से जानकारी ली और आरोपी युवक सहित तीनों युवतियों को हिरासत में लिया। देर रात से सुबह तक चले हंगामे के बाद वार्ड सभासद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि घटना वार्ड तीन, वैलेजली लॉज क्षेत्र की है। वार्ड सभासद धर्मवीर ने बताया कि सोमवार रात करीब 12 बजे उन्हें सूचना मिली कि क्षेत्र के एक घर में एक युवक तीन युवतियों को लेकर आया है। सूचना मिलते ही वे अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। घर में छापा मारने पर युवक तीनों युवतियों के साथ आपत्तिजनक हालत में मिला। यह देख मोहल्ले में आक्रोश फैल गया। भीड़ ने युवक को



पकड़कर जमकर पीटा। मौके पर बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ता भी पहुंच गए, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि आरोपी युवक अक्सर इसी घर में लड़कियों को लाता था। आरोपी की पहचान तसलीम निवासी काठगोदाम के रूप में हुई है। जिस घर से युवक और युवतियों को पकड़ा गया, वह वसीम नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है जो तसलीम का परिचित है। पुलिस के अनुसार तीनों युवतियां हल्द्वानी शहर की ही रहने वाली हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने भारी संख्या में बल मौके पर भेजा और स्थिति को नियंत्रित किया। देर रात 12 बजे से सुबह करीब चार बजे तक हंगामा जारी रहा। पुलिस ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए कई थानों की फोर्स तैनात कर दी थी।एसएसआई रोहताश सिंह सागर ने बताया कि पार्षद की तहरीर पर आरोपी तसलीम के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। तीनों युवतियों को पूछताछ के बाद मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है और सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।






# यूकेसीबीएमए ने जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड के कोरुगेटेड बॉक्स व्यापारियों की जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को लेकर उत्तराखंड कोरुगेटेड बॉक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने एक अहम पहल की। संगठन के वाइस प्रेसिडेंट हरीश बजाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नाम एक ज्ञापन विधायक शिव अरोरा के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों को जीएसटी लागू होने के बाद से आ रही व्यावहारिक समस्याओं और जमीनी स्तर पर हो रही परेशानियों का विस्तार से उल्लेख किया गया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ उद्योगपति श्री चेतन भसीन, रमनदीप, राहुल चौहान और निखिल गावा भी शामिल रहे। इस अवसर पर हरीश बजाज ने कहा, "हमने विधायक श्री शिव अरोरा के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी तक अपना ज्ञापन पहुंचाया है, जिसमें कोरुगेटेड बॉक्स उद्योग से जुड़े व्यापारियों को जीएसटी प्रणाली में आ रही तकनीकी व प्रक्रियागत दिक्कतों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है। हमने आग्रह किया है कि राज्य सरकार इस विषय को केंद्र सरकार व संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाए, ताकि व्यापारी वर्ग को राहत मिल सके।




